(xiii) प्रशासनिक इकाईयाँ एवं जिला प्रशासन

178. राजस्थान में नगर पालिका, अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए किसी बैठक के गठन के लिए गणपूर्ति उसमें मतदान के हकदार व्यक्तियों की कुल संख्या की _______ होगी।

(a) तीन चौथाई (3/4) (b) दसवाँ भाग (1/10)
(c) एक तिहाई (1/3) (d) दो तिहाई (2/3)

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : राजस्थान में नगर पालिका, अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर विचार करने हेतु बैठक के गठन के लिए गणपूर्ति उसमें मतदान के हकदार व्यक्तियों की कुल संख्या तीन चौथाई होगी।

179. उषा शर्मा, राजस्थान सरकार की वर्तमान ______ हैं।

(a) खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड अध्यक्ष
(b) नगर विकास कार्यक्रम इंचार्ज
(c) मुख्य सचिव
(d) आई.जी., जयपुर रेंज

RPSC Prayogshala Sahayak (Vigyan) 28-06-2022

Ans. (c) : 31 जनवरी 2022 को राजस्थान सरकार द्वारा उषा शर्मा को राज्य के मुख्य सचिव के पद पर नियुक्ति की गयी। उत्तर प्रदेश की मूल निवासी उषा शर्मा ने श्री निरंजन कुमार आर्य का स्थान लिया। उषा शर्मा राजस्थान की दूसरी महिला मुख्य सचिव हैं। उषा शर्मा 1985 बैच की IAS अधिकारी है।

180. राजस्थान में संभागीय आयुक्त व्यवस्था को कब पुनर्जीवित किया गया?

(a) 1977 (b) 1985
(c) 1987 (d) 1989

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (c) : राजस्थान में संभागीय आयुक्त व्यवस्था को वर्ष 1987 में पुनर्जीवित किया गया। राजस्थान में सर्वप्रथम वर्ष 1949 में मुख्यमंत्री हीरालाल शास्त्री ने संभागीय प्रणाली की शुरूआत की थी। वर्ष 1962 में तत्कालीन मुख्यमंत्री मोहनलाल सुखाड़िया ने संभागीय व्यवस्था को समाप्त कर दिया था। संभागीय व्यवस्था की आवश्यकता महसूस होने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी ने 26 जनवरी 1987 को राजस्थान में संभागीय व्यवस्था को पुनर्जीवित कर दिया।

181. किन वर्षों में संभागीय आयुक्त के पद को समाप्त और पुनर्स्थापित कर दिया गया था?

(a) 1962 में समाप्त और 1971 में पुनर्स्थापित
(b) 1959 में समाप्त और 1987 में पुनर्स्थापित
(c) 1966 में समाप्त और 1973 में पुनर्स्थापित
(d) 1962 में समाप्त और 1987 में पुनर्स्थापित

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

182. राजस्थान सचिवालय पुनर्गठन समिति (1969) के अध्यक्ष थे

(a) बी. मेहता (b) एस.डी. उज्ज्वल
(c) मोहन मुकर्जी (d) मंगत राय

RPSC-2017

Ans. (c) : राजस्थान सचिवालय पुनर्गठन समिति (1969) के अध्यक्ष मोहन मुखर्जी थे।

183. राजस्थान राज्य में दूसरी बार राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था–

(a) 1967 में (b) 1977 में
(c) 1980 में (d) 1992 में

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) : राजस्थान में दूसरी बार राष्ट्रपति शासन 1977 में लागू किया गया था। पांचवी राजस्थान विधान सभा में सन् 1977 में तत्कालीन मुख्यमंत्री हरदेव जोशी के शासन काल 30 अप्रैल 1977 से 21 जनू 1977 तक राष्ट्रपति शासन लागू रहा। इस समय राजस्थान के राज्यपाल वेदपाल त्यागी एवं मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी थे। राजस्थान में प्रथम राष्ट्रपति शासन 1967 में लागू किया गया था।

184. राजस्थान में, राजस्थान पुलिस अकादमी' कहाँ स्थित है?

(a) जोधपुर (b) जयपुर
(c) अजमेर (d) कोटा

RPSC वन रक्षक भर्ती परीक्षा-2020 दिनांक 13-11-2022

Ans. (b) : राजस्थान में राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में स्थित है। इसकी स्थापना 1950 में चित्तौड़गढ़ किले में की गई थीं। फिर इसे किशनगढ़ तथा 1975 में जयपुर में स्थानांतरित कर दिया गया। इस अकादमी में अधीनस्थ पुलिस कर्मचारियों से लेकर पुलिस उपाधीक्षक तक आधारभूत प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

185. निम्नांकित में से किन जिलों में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था विद्यमान है?

(a) जयपुर – कोटा (b) जयपुर – जोधपुर
(c) जयपुर – बीकानेर (d) जयपुर – अजमेर

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 15.09.2021
MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011
PRADHYAPAK SCHOOL SIKSHA - 2011

Ans. (b) : राजस्थान के जयपुर व जोधपुर में पुलिस कमिश्नरेट व्यवस्था लागू है। वर्तमान में इस व्यवस्था को कोटा जिले में भी लागू किये जाने का विचार किया जा रहा है।

186. राजस्थान के 33 नगरों को कितने प्रशासनिक मण्डलों में बाँटा गया है?

(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

सहायक जनसम्पर्क अधिकारी भर्ती-29.09.2022

Ans. (c) : राजस्थान को प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से 7 मंडलों में बाँटा गया है, जो निम्नवत हैं-

(i) जयपुर मंडल - जनसंख्या की दृष्टि से सबसे बड़ा
(ii) जोधपुर मंडल - क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ा
(iii) बीकानेर मंडल - उत्तरी मण्डल